प्रादेशिक समाचार

दिनांक–07.10.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. राज्य की सभी 81 विधानसभा सीटों के लिए भाजपा ने तीन तीन प्रत्याशियों का पैनल किया तैयार, आज दिल्ली में पार्टी हाईकमान के साथ बैठक में नामों पर होगी चर्चा।

2. केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह झारखंड समेत नक्सल प्रभावित आठ राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ आज करेंगे बैठक, नक्सल अभियानों के साथ ही विकास योजनाओं की प्रगति की भी होगी समीक्षा।

3. केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एससी–एसटी किसानों के प्रशिक्षण के लिए रांची में दो बहुद्देश्यीय भवन की रखी आधारशिला, कहा– किसानों की आमदनी बढ़ाना केन्द्र की प्राथमिकता।

4. राज्य पर बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव का असर, मौसम विभाग ने रांची, गुमला और बोकारो समेत राज्य के कई हिस्सों में आज से 11 अक्तूबर तक बारिश का जताया अनुमान।
5. महिला टी–20 विश्व कप क्रिकेट में भारत ने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को छह विकेट से हराया, पुरुष टीम ने भी बांग्लादेश को सात विकेट से रौंदा।

****************

भाजपा प्रदेश विधानसभा चुनाव समिति ने राज्य की सभी 81 विधानसभा सीटों के लिए अपने प्रत्याशियों का पैनल तैयार कर लिया है। समिति की बैठक में एक विधानसभा क्षेत्र से तीन नामों को पैनल में शामिल किया गया है। पार्टी के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने बताया कि आज दिल्ली में पार्टी हाईकमान के साथ बैठक में इन नामों पर चर्चा की जायेगी। इसके बाद पार्टी की संसदीय बोर्ड की बैठक में उम्मीदवारों की सूची पर मुहर लगेगी। श्री सरमा ने कहा कि इस प्रक्रिया में एक हफ्ते का समय लग सकता है।

****************

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज झारखंड समेत नक्सल प्रभावित आठ राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक करेंगे। बैठक दौरान श्री शाह राज्यों की सुरक्षा स्थिति, नक्सल अभियान और विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे। बैठक में कई अन्य केन्द्रीय मंत्री और वरीय अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

****************

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि किसानों की आमदनी बढ़ाना केन्द्र सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है। रांची के गढ़खटंगा स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद में दो बहुद्देश्यीय भवनों की आधारशिला रखने के बाद उन्होंने कहा कि इन भवनों का निर्माण अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के किसानों को विशेष प्रशिक्षण देने के लिए किया जा रहा है। श्री चौहान ने कहा कि शोध संस्थानों के जरिये कृषि उत्पादक की गुणवत्ता में वृद्धि और लागत में कमी के लिए प्रयास जारी रहेगा।

****************

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर फिर निशाना साधा है। श्री मरांडी ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकार घोटालेबाजों को बचाने में जुटी है। उन्होंने कहा कि सरकार का काम है चोरों को पकड़ना, गड़बड़ी की जांच कराना, दोषियों को कोर्ट से सजा दिलवाना लेकिन ठीक इसके उलट राज्य सरकार हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक में सरकारी पैसे से नामी वकीलों की टीम रखकर घोटाले की जांच नहीं होने दे रही है।

****************

आजसू पार्टी के प्रमुख सुदेश महतो ने कहा है कि राज्य सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य और कानून व्यवस्था के मोर्चे पर पूरी तरह विफल है। हटिया विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार ने राज्य की बुनियाद को कमजोर कर दिया है।

****************

झामुमो के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि मंइयां सम्मान योजना पूरे देश में समय की मांग है। ट्विटर हैंडल एक्स पर एक पोस्ट में श्री सोरेन ने दोहराया कि अगर केन्द्र सरकार झारखंड का बकाया 1.36 लाख करोड़ रुपये लौटा दे तो राज्य की महिलाओं के खाते में वे इसी माह से 25 सौ रुपये भेजने की शुरुआत कर देंगे।

****************

इधर, झामुमो नेत्री और गांडेय की विधायक कल्पना सोरेन ने कहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा लायी गयी मंइयां सम्मान योजना आधी आबादी को सशक्त करने की क्रांतिकारी योजना है। गुमला में आयोजित मइंया सम्मान यात्रा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमती सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार ने महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए कई कदम उठाये हैं।

****************

शारदीय नवरात्र का आज पांचवा दिन है। आज के दिन मां दुर्गा के पांचवें स्वरुप स्कन्दमाता की पूजा हो रही है। रांची समेत पूरे राज्य में नवरात्र को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। हजारीबाग में एक भक्त नौ दिनों का मौन व्रत रखकर मां दुर्गा के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त कर रहे हैं। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****************

बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव का असम झारखंड पर दिख रहा है। मौसम विभाग के अनुसार आज से 11 अक्तूबर तक राज्य के सभी हिस्सों में बादल छाये रहेंगे और कई स्थानों पर बूंदाबांदी हो सकती है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के प्रभारी निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि रांची के अलावा गुमला, बोकारो समेत कई जिलों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। इस दौरान वज्रपात भी होने की संभावना व्यक्त की गयी है।

****************

ग्वालियर में तीन टी–20 मैचों की क्रिकेट श्रृंखला के पहले मैच में कल भारत ने बांग्लादेश को सात विकेट से हरा दिया। उधर, दुबई में महिला टी–20 क्रिकेट विश्व कप में भारत ने पाकिस्तान को 6 विकेट से हरा दिया है।

****************

और अब अखबारों की सुर्खियां

राज्य से प्रकाशित लगभग सभी अखबारों ने रोहतास में सोन नदी में सात बच्चों के डूबने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर की सुर्खी है– रोहतास में सोन नदी में डूबे सात बच्चे इनमें रांची के एक ही परिवार के चार।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है–आउटसोर्सिंग कर्मियों का मानदेय तय करेगी राज्य सरकार।

दैनिक भास्कर लिखता है – मनरेगा कर्मियों का मानदेय 30 प्रतिशत बढ़ेगा, दुर्घटना में मौत पर आश्रित को 20 लाख रुपये।

दैनिक जागरण और हिन्दुस्तान टाइम्स झामुमो नेत्री कल्पना सोरेन के हवाले से लिखता है– देशभर में मंइयां सम्मान जैसी योजना लागू कराए भाजपा।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया ने लिखा है–राष्ट्रीय अंतरिक्ष पैनल ने जापान के साथ संयुक्त रूप से 5वें चंद्र मिशन को मंजूरी दी।

*****************